## दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

**सत्र:2024-25**

**अभ्यास कार्य पत्र (अक्टूबर)**

**कक्षा- पाँचवीं विषय- हिंदी**

**उपविषय-अपठित गद्यांश व्याकरण- विराम चिह्न,वचन**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

पुस्तकालय का मतलब है, वह जगह जहां अध्ययन सामग्री का संग्रह होता है। पुस्तकालय शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-पुस्तक और आलय। पुस्तकालय में किताबों के अलावा, पत्रिकाएँ, फ़िल्में, मानचित्र, हस्तलिखित ग्रंथ, ग्रामोफ़ोन रिकॉर्ड, और अन्य पठनीय सामग्री रखी जाती हैं। विद्यार्थियों को आरम्भ से ही पुस्तकालय का उपयोग करना सीखना चाहिए। उन्हें चाहिए कि वे पुस्तकालय की नियमावली और व्यवस्था भली-भांति जान लें और उसे बनाये रखने का दृढ़ संकल्प करें। छात्रों को चाहिए कि पुस्तकों को समय पर वापस करें। किसी और को भी उस पुस्तक की आवश्यकता हो सकती है।

**प्र॰1निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

क) पुस्तकालय किसे कहते हैं ?
ख) पुस्तकालय में क्या-क्या चीज़ें रखी जाती हैं ?

**प्र॰2 निम्न दिए शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

क) सामग्री - सामान,मैदान,भोजन
ख) दृढ़ संकल्प - फ़ायदा , निश्चित इरादा,सफलता

**प्र०3 सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

क) किसे पुस्तकालय का उपयोग करना सीखना चाहिए ?

अ) लोगों को  ब) विद्यार्थियों को  स) भाई-बहन को

**व्याकरण**

**प्र०4 निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाते हुए चिह्न का नाम लिखिए-**

क) डॉक्टर कलाम ने कहा था सपने देखो और उन्हें पूरा करो

ख) हाथी धीरे धीरे चलता है

**प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों में आए चिह्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-**

क) प्रो॰ वर्मा सुबह जल्दी उठते हैं।(लाघव चिह्न/कोष्ठक चिह्न)

ख) छी!कितनी गंदगी है।(विस्मयादिबोधक/अल्पविराम)

**प्र०6 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखिए-**

क) भक्त मंदिर में बैठा है।

ख) यह खिलौना नया है।